हरिभूमि
# कोरिया भूमि
बिलासपुर, बुधवार 9 जुलाई 2025
बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

तापमान
अधिकतम 29 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

2 अवैध अतिक्रमण एवं बेतरतीब निर्माण शहर में जल भराव का मुख्य कारण



# गुमनामी में छठवीं शताब्दी की बौद्ध मूर्तियां, जोगीमठ अब भी पहचान का मोहताज

## प्रशासनिक अनदेखी से उपेक्षित है ऐतिहासिक धरोहर, पर्यटन विकास की दरकार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

कोरिया जिले के सोनहत विकासखंड के घने जंगलों के बीच स्थित जोगीमठ आज भी छठवीं शताब्दी की दुर्लभ मूर्तियों को अपने आंचल में समेटे गुमनामी के अंधेरे में पड़ा है। यहां विराजित भगवान गौतम बुद्ध सहित अन्य देवी-देवताओं की प्राचीन मूर्तियाँ न केवल ऐतिहासिक दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं, बल्कि धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर के रूप में भी विशेष महत्व रखती हैं। इन दुर्लभ प्रतिमाओं की जानकारी आज भी केवल स्थानीय लोगों तक सीमित है।

जिला मुख्यालय सहित अन्य क्षेत्रों के अधिकांश लोग इस धरोहर से अनभिज्ञ हैं, जिसका मुख्य कारण प्रशासनिक उपेक्षा और प्रचार-प्रसार का अभाव है। ऐतिहासिक दृष्टि से समृद्ध यह स्थल यदि पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाए, तो न केवल कोरिया जिले की पहचान को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूती मिल सकती है, बल्कि ▶▶ शेष पेज 4 पर





### संरक्षण और सुरक्षा की जरूरत

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि जोगीमठ की मूर्तियां खुले में पड़ी हैं और उचित संरक्षण के अभाव में इनके क्षतिग्रस्त होने का खतरा बना हुआ है। यदि समय रहते पुरातत्व विभाग या जिला प्रशासन ने ध्यान नहीं दिया, तो यह धरोहर भविष्य में पूरी तरह नष्ट हो सकती है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों ने मांग की है कि जोगीमठ को राज्य संरक्षित स्मारक घोषित किया जाए तथा यहां मूलभूत सुविधाएं—जैसे सड़क, संकेतक बोर्ड, प्रकाश व्यवस्था, गाइड सुविधा—प्रदान कर इसे पर्यटन नक्शे पर स्थान दिलाया जाए।

### सुगम पहुंच मार्ग का अभाव पहचान में बाधक

कोरिया जिले के सोनहत जनपद के घने जंगलों के बीच स्थित ऐतिहासिक महत्व का स्थल जोगीमठ स्थल में केवल पुरानी मूर्तियों का संग्रह ही नहीं है, यह स्थल जिले के पर्यटन मानचित्र पर नया अध्याय जोड़ने वाली जगह है, इस स्थल का समुचित विकास करने की जरूरत है। वर्तमान में इस स्थल पर पहुंचने के लिए सुगम सड़क मार्ग तक नहीं है, इसके कारण बरसात के मौसम में लोगों को यहां तक पहुंचना मुश्किल होता है। जानकारी के अनुसार जोगीमठ तक पहुंचने के लिए सोनहत मार्ग के बीच से ग्राम सोनारी के लिए कच्ची सड़क बनी हुई है, लेकिन इसके बीच से जोगीमठ तक के लिए कोई सुगम सड़क मार्ग नहीं है। यदि यहां तक पहुंचने के लिए सुगम सड़क मार्ग की सुविधा हो जाए तो हर मौसम में यहां पर्यटकों का आना-जाना लगा रहेगा, इसके लिए जिला प्रशासन को इस स्थल तक पहुंचने के लिए सड़क सुविधा प्रदान करने की जरूरत है।



### सिर्फ सांस्कृतिक मंच बाउन्ड्रीवाल निर्माण

पुरातात्विक एवं धार्मिक महत्व के पर्यटन स्थल जोगीमठ में विकास के नाम पर दशक पहले सिर्फ बाउंड्रीवाल एवं सांस्कृतिक मंच का ही निर्माण कराया गया था। जानकारी के अनुसार वर्ष 2013 व 14 में यहां सांस्कृतिक मंच एवं मूर्ति स्थल का बाउंड्री वाल का ही निर्माण कराया गया था, जिसका रंग-रोगन नहीं, किया जाता है, जबकि सांस्कृतिक मंच दो बने हुए है, इनमें मवेशियों के गोबर पडे हैं।

### स्व. सिंहदेव भी पहुंचे थे यहां

जानकारी के अनुसार प्रदेश के प्रथम वित्तमंत्री रहे स्व. डॉ.रामचंद्र सिंहदेव भी सोनहत जनपद के जंगलों में स्थित धार्मिक ऐतिहासिक महत्व के स्थल जोगीमठ में पहुंच कर मूर्तियों का अवलोकन कर चुके हैं, बावजूद इसके अब तक कोरिया का जोगीमठ अपनी पहचान प्रदेश में नहीं बल्कि जिले में ही ठीक से स्थापित नहीं कर पाया है। जंगल के बीच स्थित जोगीमठ के निकट जंगल में एक चरवाहा ने बताया कि कुमार साहब यहां की मूर्तियों को बैकुंठपुर ले जाने के लिए हुए और मूर्ति को वाहन में रखवाया तो वाहन ही स्टार्ट नहीं हो रहा था, जब ग्रामीणों ने बताया कि मूर्ति यहां से कोई नहीं ले जा सकता और जब मूर्ति को वाहन से उतारा गया तो वाहन स्टार्ट हो गया, ग्रामीणों के जवाब के बाद मूर्ति वहीं रहने दिया गया।

### मुख्य मार्ग पर लगे सूचना बोर्ड पर लगा जंग

पर्यटन एवं धार्मिक महत्व का स्थल जोगीमठ पहुंचने के लिए बैकुंठपुर से सोनहत मार्ग पर ग्राम घुघरा के आगे जंगल के बीच से रास्ता निकला है,वहां पर मुख्य मार्ग किनारे एक बोर्ड वर्षों पहले लगाया गया है, जिसमें जोगीमठ पर्यटल स्थल जाने का संकेत था, लेकिन लगाया गया बोर्ड वर्षो पुराना है जो जंग खा गया है, उसमें कुछ भी वर्तमान में दिखाई नहीं देता। ऐसे में बैकुंठपुर से सोनहत मार्ग पर आवागमन करने वाले लोगों को यह भी पता नहीं है कि यह किस चीज का संकेत बोर्ड है। लोगों को पता ही नहीं चलता कि धार्मिक व ऐतिहासिक धरोहर स्थल तक जाने का यही से रास्ता है। यह उपेक्षा जोगीमठ को पर्यटन व आध्यमिक स्थल के रूप में विकसित करने की दिशा में बड़ी बाधा है जो जिले की अमूल्य पुरातात्विक धरोहर वाली स्थान को छिपाने जैसा है।

## खबर संक्षेप



### मौसम साफ : बारिश के बाद मिली राहत

**बैकुण्ठपुर।** लगातार हो रही बारिश के बाद मंगलवार को मौसम ने करवट ली है। सुबह से ही आसमान साफ है और खिली हुई धूप से लोगों ने राहत की सांस ली। धूप निकलने से सड़कों पर जमे पानी और कीचड़ सूखने लगे हैं, जिससे आवागमन में भी सहूलियत मिली है। मौसम साफ होने से बाजारों और स्कूलों में फिर से चहल-पहल देखी जा रही है। किसान भी खेतों की ओर निकल पड़े हैं, जबकि दुकानदारों के चेहरे पर भी रौनक लौटी है। मौसम विभाग के अनुसार अगले 24 घंटे तक मौसम शुष्क बना रह सकता है, हालांकि स्थानीय स्तर पर हल्के बादल छा सकते हैं।

### इंटेकवेल और सब स्टेशन बाढ़ में क्षतिग्रस्त

**बैकुण्ठपुर।** एमसीबी जिले के हसदेव नदी में आई बाढ़ से चिरमिरी क्षेत्र की पेयजल व्यवस्था पर असर पड़ा है। 6 जुलाई को बाढ़ की तेज धार ने लाई स्थित इंटेकवेल और सब स्टेशन को नुकसान पहुंचाया, जिससे जल आपूर्ति बाधित हो गई है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अनुसार मरम्मत कार्य में लगभग 15 दिन लग सकते हैं। इस अवधि में चिरमिरी क्षेत्र में हर तीसरे दिन जल प्रदाय किया जाएगा।

### वॉक-इन-इंटरव्यू का आयोजन 11 को

**बैकुण्ठपुर।** जिले में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में सत्र 2025-26 के लिए अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति के लिए वॉक-इन-इंटरव्यू का आयोजन किया जा रहा है। यह भर्ती भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय के अधीन राष्टीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति के निर्देशानुसार की जा रही है। यह इंटरव्यू 11 जुलाई शुक्रवार को दोपहर 11 से शाम 4 बजे तक कार्यालय पीएम श्री एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पोड़ीडीह विकासखंड खड़गवां में आयोजित होगा। आवेदन पूरी तरह से अस्थायी है, जिसका मानदेय और कार्यकाल निर्धारित सत्र या स्थायी भर्ती तक सीमित रहेगा। चयन पूरी तरह से वॉक-इन-इंटरव्यू के माध्यम से किया जाएगा और किसी प्रकार की अपील मान्य नहीं होगी। पोड़ीडीह एवं जमथान स्थित एकलव्य विद्यालयों में अंग्रेजी माध्यम से सीबीएसई पाठ्यक्रम के अंतर्गत अध्यापन के लिए पीजीटी जीव विज्ञान की 1 पद, पीजीटी रसायन विज्ञान की 1 पद, पीजीटी इतिहास की 1 पद, टीजीटी संगीत की 1 पद, टीजीटी पीईटी पुरुष की 1 पद और टीजीटी काउंसलर की 1 पद के वाक-इन-इंटरव्यू के लिए कुल 6 पदों के लिए उम्मीदवार आमंत्रित किए गए हैं। वहीं एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय जमथान के लिए पीजीटी जीव विज्ञान की 1 पद, पीजीटी रसायन विज्ञान के लिए 1 पद और पीजीटी इतिहास के लिए 1 पद के वाक-इन-इंटरव्यू के लिए कुल 3 पदों के आमंत्रित किया गया है।

### जिले में अब तक 295.4 मिमी वर्षा दर्ज

**बैकुण्ठपुर।** भू-अभिलेख विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार बीते 24 घंटे में जिले में औसत 13.5 मिमी बारिश दर्ज की गई है, जबकि भरतपुर तहसील में अब तक की सर्वाधिक 364.2 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। 1 जून से 7 जुलाई तक जिले में कुल औसत 295.4 मिमी वर्षा भू-अभिलेख शाखा द्वारा दर्ज की गई है, जो खरीफ फसलों की बोआई के लिए अनुकूल मानी जा रही है। भू-अभिलेख शाखा के अनुसार, तहसीलवार वर्षा की बात करें तो मनेन्द्रगढ़ में 246.1 मिमी, खड़गवां में 295.6 मिमी, चिरमिरी में 335.7 मिमी, केल्हारी में 213.2 मिमी, भरतपुर में 364.2 मिमी और कोटाडोल में 317.6 मिमी बारिश दर्ज की गई है ।

# महिलाओं ने थामी खेती पशुपालन की कमान




हरिभूमि न्यूज ▶▶ मनेन्द्रगढ़

जिले में कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार कृषि, उद्यानिकी, मत्स्य एवं पशुधन विकास विभाग द्वारा एनआरएलएम बिहान योजना के अंतर्गत गठित स्व-सहायता समूह की महिलाओं को विभागीय योजनाओं से जोड़ा जा रहा है। जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंकिता सोम के मार्गदर्शन में ग्राम स्तर पर महिला कृषि सखी और पशु सखी की महत्वपूर्ण भूमिका सामने आ रही है।

कृषि सखियों के माध्यम से गांव-गांव में किसान पाठशालाएं संचालित की जा रही हैं, जहां जैविक खेती को प्रोत्साहित करते हुए निम्बास्त्र, ब्रह्मास्त्र, अग्निअस्त्र और जीवामृत जैसी जैविक दवाइयों के निर्माण की विधि स्थानीय संसाधनों से सिखाई जा रही है। कीटनाशक जहरीली दवाओं और जैविक उपायों में अंतर समझाते हुए महिला किसान घरों में स्वयं जैविक दवाइयों का निर्माण करने लगी हैं। बीजोपचार, थरहा तैयार करना और लाइन विधि से रोपाई जैसे तकनीकी उपायों से किसानों को कम लागत में अधिक उत्पादन की राह दिखाई जा रही है। वर्षा ऋतु में सब्जी उत्पादन को प्रोत्साहन देते हुए मचान विधि को अपनाने पर जोर दिया जा रहा है, जिसमें भरतपुर विकासखंड की महिलाएं स्थानीय संसाधनों से खड़ा मचान और छतनुमा मचान तैयार कर रही हैं। मचान विधि से सब्जी उत्पादन में वृद्धि के साथ-साथ छिड़काव और तुड़ाई की प्रक्रिया भी आसान हो रही है। गांव में स्थानीय महिला कृषि सखियों को प्रशिक्षण देकर इन्हें जिम्मेदारी सौंपी गई है और विभाग द्वारा इनकी नियमित निगरानी की जा रही है। इसी तरह पशु सखियों के द्वारा पशुधन संरक्षण की दिशा में भी प्रभावशाली कार्य किए जा रहे हैं।

# उपचार के अभाव में सर्पदंश पीड़ित मासूम की मौत

**वाड्रफनगर।** सर्पदंश पीड़ित रघुनाथ नगर के निवासी पण्डो समाज के मासूम साजन आ. रामबली पण्डो की सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में समय पर इलाज नहीं मिलने के कारण मौत हो गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर के अनुपस्थित रहने पर मासूम को शासकीय वाहन से डॉक्टर के निजी क्लिनिक भेजा गया। परिजनों के अनुसार अस्पताल पहुंचने पर कर्मचारियों ने डॉक्टर के अस्पताल में मौजूद नहीं होने का हवाला देकर बच्चे को इलाज के लिए डॉक्टर के निजी क्लिनिक में भेज दिया। दो घंटे तक मासूम बिना इलाज के तड़पता रहा। क्लिनिक में हालत बिगड़ती देख डॉक्टर ने उसे फिर से अस्पताल भेज दिया, जहां इंजेक्शन लगते के बाद मासूम ने दम तोड़ दिया।

# संगठन और परिषद के बीच हो बेहतर तालमेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पटना




- भाजपा की जनप्रतिनिधि-संगठन समन्वय बैठक

भारतीय जनता पार्टी मंडल पटना द्वारा नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों और संगठन पदाधिकारियों की एक विशेष समन्वय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का उद्देश्य संगठन और परिषद् के बीच बेहतर तालमेल स्थापित कर सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना रहा। बैठक के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गायत्री सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष जवाहरलाल गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष अनिल साहू, जिला महामंत्री पंकज गुप्ता एवं कपिल जायसवाल उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष रामलखन यादव ने की। कार्यक्रम की शुरूआत भारत माता की छायाचित्र पर दीप प्रज्जवलन से की गई। सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत-सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि श्री तिवारी ने संबोधित करते हुए कहा कि जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं को मिलकर जनता की समस्याओं का समाधान करना चाहिए और संगठन को मजबूत करने की दिशा में निरंतर कार्य करते रहना चाहिए। सरकार की योजनाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, यह सुनिश्चित करना हम सबकी प्राथमिकता होनी चाहिए। जिला महामंत्री पंकज गुप्ता और कपिल जायसवाल ने संगठनात्मक गतिविधियों और योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में जनप्रतिनिधियों की भूमिका पर प्रकाश डाला। पूर्व जिला अध्यक्ष जवाहरलाल गुप्ता ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें सामंजस्यपूर्ण कार्य के लिए प्रेरित किया। नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गायत्री सिंह ने कहा कि इस तरह की बैठकें नियमित रूप से माह में एक बार आयोजित की जानी चाहिए, जिससे समन्वय बना रहे और कार्यों में पारदर्शिता व प्रभावशीलता आए। बैठक में प्रमुख रूप से पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेश सोनी, मंडल महामंत्री सच्चिदानंद द्विवेदी, मीरा सोनी, पार्षद अहिबरन सिंह, राकेश गुप्ता, रमेश पोया, गणेश यादव, सुनील सिंह, राजेश सोनी, ज्योति देवांगन, रेखा वर्मा, वर्षा साहू, ममता कुशवाहा, चंद्रकली राजवाड़े, रितेश सिंह, भंवरलाल कुर्रे, संतलाल साहू, सुधीर वर्मा, संतोष सिंह, राजकुमारी सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# नकली खाद और मजदूरी भुगतान मामले में हो कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

- गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने एक सप्ताह में कार्रवाई की मांग की

गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. एलएस उदय सिंह, प्रदेश अध्यक्ष इंजीनियर संजय सिंह कमरो और प्रदेश महामंत्री निलेश कुमार पांडे ने 8 जुलाई को पोड़ी बचरा क्षेत्र के सैकड़ों कि सा नों की ओर से उठी खाद की गुणवत्ता और महिला मजदूरों की लंबित मजदूरी की गंभीर समस्या को लेकर जिला प्रशासन और वन विभाग के अधिकारियों से मुलाकात की।

पार्टी पदाधिकारियों ने बताया कि सहकारी समिति बैमा एवं चिरमी के माध्यम से किसानों को वितरित किए गए डीएपी उर्वरक में गुणवत्ता संबंधी गंभीर शिकायतें सामने आई हैं। किसानों का आरोप है कि खाद 10 दिनों तक पानी में नहीं घुला, जिससे इसे नकली खाद बताया जा रहा है। पार्टी ने मामले की तत्काल जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पार्टी प्रतिनिधिमंडल ने जानकारी दी कि फूलपुर व शिवपुर वन परिक्षेत्र के तहत कार्यरत महिला और पुरूष मजदूरों को बीते छह माह से लाखों रूपए की मजदूरी नहीं मिली है, जिससे उनका जीवन-यापन प्रभावित हो रहा है। इस विषय में पार्टी पदाधिकारी वन मंडलाधिकारी कार्यालय पहुंचे और डीएफओ कोरिया से मुलाकात कर मजदूरी भुगतान की तत्काल मांग रखी। डीएफओ ने उन्हें एक सप्ताह के भीतर भुगतान कराने का आश्वासन दिया है।

### आंदोलन की चेतावनी

गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि एक सप्ताह के भीतर नकली खाद की जांच और मजदूरों को भुगतान नहीं हुआ, तो वे उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। साथ ही उन्होंने प्रशासन से किसानों और मजदूरों के हित में शीघ्र निर्णय लेने की मांग की है।

## यातायात, साइबर अपराध, नशा मुक्ति आदि विषयों पर दी जानकारी

# एसपी केन्द्रीय विद्यालय के छात्रों से हुए रू-ब-रू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

कोरिया जिले में संचालित जागरूकता अभियान के अंतर्गत मंगलवार को पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे केन्द्रीय विद्यालय बैकुंठपुर पहुंचे, जहां उन्होंने छात्रों को जीवन निर्माण, सुरक्षा और जिम्मेदारी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर संबोधित किया।

पुलिस अधीक्षक श्री कुर्रे ने कहा कि छात्र जीवन एक ऐसा मोड़ होता है, जहां से भविष्य की दिशा तय होती है। उन्होंने छात्रों से कहा कि वे अपने लक्ष्य को स्पष्ट करें, समय का सदुपयोग करें और अनुशासन में रहकर मेहनत के बल पर सफलता की ओर बढ़ें। उन्होंने विशेष रूप से समय प्रबंधन और आत्मनिर्भरता पर जोर दिया। एसपी श्री कुर्रे ने छात्रों को नशे से दूर रहने की सलाह देते हुए कहा कि नशा नाश की जड़ है। उन्होंने कहा कि यदि घर-परिवार या आसपास के किसी व्यक्ति को इसकी लत है, तो उन्हें भी सही राह पर लाने के लिए प्रेरित करें और किसी भी अवैध गतिविधि की सूचना पुलिस को दें। सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी। साइबर अपराध के बढ़ते मामलों को लेकर उन्होंने छात्रों को सचेत किया। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया का उपयोग सीमित करें, अनजान लोगों की फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार न करें, ओटीपी या पासवर्ड किसी से साझा न करें। फर्जी लिंक, लॉटरी या ईनाम जैसी बातों में न उलझें। कार्यक्रम में यातायात जागरूकता पर भी विस्तृत चर्चा हुई। एसपी श्री कुर्रे ने कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करना स्वयं की और दूसरों की जान की रक्षा करना है। नाबालिगों द्वारा वाहन चलाना खतरनाक है और यह कानूनन ▶▶ शेष पेज 4 पर




कार्यक्रम में उपस्थित एसपी।



उपस्थित विद्यार्थी।

### विस्तार से किए संवाद

एसपी ने एक पेड़ मां के नाम अभियान, जल संरक्षण, स्वच्छता, प्लास्टिक मुक्ति, स्वास्थ्य, शिक्षा, आत्मविश्वास, परिवार के प्रति दृष्टिकोण, अनुशासन और खेल के महत्व पर भी छात्रों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि जीवन में अनुशासन ही सबसे बड़ा हथियार है।

# शहर में नहीं रुक रहा चोरी का सिलसिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

- एनएच के बगल में अब आशीर्वाद सुपर मार्केट में चोरी

शहर में चोरों के हौसले इस कदर बुलंद हो चुके हैं कि अब वे एनएच के बगल के प्रतिष्ठानों को अपना निशाना बना रहे हैं। ताजा मामला स्कूलपारा स्थित आशीर्वाद सुपर मार्केट का है, जहां अज्ञात चोरों ने बीती रात चोरी की वारदात को अंजाम दिया। मिली जानकारी के अनुसार चोरों ने शटर तोड़कर दुकान के भीतर घुसकर नकदी समेत कई कीमती सामान पर हाथ साफ किया। घटना की जानकारी सुबह दुकान खोलने पर लगी, जिसके बाद पीड़ित व्यापारी श्री दुबे ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। विदित हो कि शहर में यह कोई पहली घटना नहीं है, बीते कुछ सप्ताह में क्षेत्र में चोरी की कई वारदातें सामने आ चुकी हैं। बावजूद इसके पुलिस की गश्त और निगरानी पर सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय व्यापारियों में भय और आक्रोश का माहौल है।

### पुलिस पर उठ रहे सवाल

लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों में रोष है। लोगों का कहना है कि रात्रि गश्त केवल कागजों तक सीमित है, तभी चोर इतनी सहजता से वारदात कर निकल जाते हैं। घटना के बाद स्थानीय व्यापारी संघ ने पुलिस प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए जल्द से जल्द चोरों को गिरफ्तार कर व्यापारियों को सुरक्षा देने की अपील की है।

**खबर संक्षेप**

## बारिश से जलमग्न फिल्टर प्लांट से पेयजल सप्लाई हुई बहाल

**बिश्रामपुर।** शनिवार शाम से लगातार हो रही तेज बारिश की वजह से रेड व घुनघुट्टा नदी पूरी तरह उफान पर आ गई। रेड नदी के उफान पर आने के बाद ग्राम गोरखनाथपुर स्थित एसईसीएल के फिल्टर प्लांट में लगे हैवी मोटर और स्विच को डूबने से बचाने के लिए चैन पुली में बांध कर उन्हें ऊँचे लेवल में रखा गया था,जिस कारण एसईसीएल कॉलोनी के करीब 2200 से अधिक कम्पनी आवासों में पेयजल आपूर्ति ठप्प हो गई।फिल्टर प्लांट प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया कि नदी का जल स्तर कम होने के बाद मोटर को पूर्व के स्थान रखने के बाद सोमवार से पुनः कालोनियों में पेयजल आपूर्ति बहाल कर दी गई है। बताया गया कि सोमवार को बारिश थमने के बाद जब रेड नदी के पानी का जल स्तर फिल्टर प्लांट के खतरे के निशान से नीचे पहुंचा, इसके बाद सुबह 9 बजे से पानी सप्लाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

## घुनघुट्टा डैम का गेट खोलते ही अमेरा खदान के फेस में घुसा पानी

**बिश्रामपुर।** शनिवार को पूरे दिन के बाद पूरी रात हुई बारिश और फिर रविवार को हुई तेज बारिश के बाद क्षेत्र के नदी नाले उफान पर हैं।अंबिकापुर जिला प्रशासन ने एहतियात बरतते हुए घुनघुट्टा बांध के पांच गेट को खोल दिया है जिसके बाद रेड़ और घुनघुट्टा में बाढ़ सदृश्य स्थिति निर्मित हो गई।डैम का पानी खुलते ही अमेरा खदान में जल प्रलय की स्थिति निर्मित हो गई और देखते ही देखते अमेरा खदान पूरी तरह पानी में डूब गया।घटना की जानकारी जैसे ही एसईसीएल प्रबंधन को मिली जिसके बाद सरगुजा जिला प्रशासन से संपर्क कर वस्तु स्थिति से अवगत कराया गया और बांध के शेष गेट को नहीं खोलने का निवेदन किया गया।बताया गया कि जैसे ही बांध का गेट खोला गया इसका सीधा असर खदान में देखने को मिला और बांध का पानी देखते ही देखते खदान में घुसने लगा।खदान में रात्रि पाली में काम करने वाले खदान में एकाएक घुस रहे तेज बहाव पानी को देख अचानक कुछ समझ नहीं पाए बाद में मामले की जानकारी क्षेत्रीय प्रबंधन को दी गई।क्षेत्रीय प्रबंधन के अधिकारियों ने खदान का जायजा लिया है,खबर है कि अभी जून माह में खदान में मानसून प्रिपरेशन का कार्य प्रबंधन ने कराया था सो पूरी तरह से सबकुछ बर्बाद जैसी हालत निर्मित हो गई है।खदान के फेस में बड़ी मात्रा में जलभराव ने प्रबंधन के समक्ष नई चुनौती खड़ी कर दी है, बिश्रामपुर क्षेत्र की हालत दिनो दिन पुनः बिगड़ती जा रही है,आमगांव ,अमेरा खुली खदान में अधिग्रहित भूमि का आधिपत्य मिलने में आ रही अड़चनों का निपटारा अगर समय रहते प्रबंधन ने नहीं किया तो फिर क्षेत्र में कोल उत्पादन के संकट की स्थिति निर्मित हो जाएगी।

## बारिश के बीच देर रात कोयलांचल में निकाला गया मोहर्रम का मातमी जुलूस




**बिश्रामपुर।** कोयलांचल समेत आसपास इलाके में मुस्लिम समाज द्वारा रविवार को मोहर्रम का मातमी पर्व सादगीपूर्ण तरीके से मनाया गया। यहां पर ताजिए व अलमदार द्वारा अपने अपने चौक पर मोहर्रम के दिन फातेहा खानी व लंगरखानी की प्रक्रिया पूरी कराई गई। इसके दसवीं मोहर्रम का मातमी जुलूस भारी बारिश के बीच देर रात निकाला गया। इसके बाद जुलूस राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 पर मुख्य मार्केट में घुमाकर वापस अपने -अपने करबला में पहुंचे और देर रात विधिवत समापन किया गया।ज्ञात हो कि मुस्लिम समाज द्वारा इमाम हसन-हुसैन की शहादत की याद में मातमी पर्व मोहर्रम पिछले दस दिनों से मनाया जा रहा था।मोहर्रम को लेकर पुलिस व्यवस्था भी चाक चौबंद रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में सदर सलीम खान, सेक्रेटरी एजाज अहमद, जलालुद्दीन, उस्मानिया नौजवान कमेटी से जुल्फी, शानू, इमरान, शाहबाज, अयान कुरैशी, अमीन खान, रेहान खान, अनस फिरदौस, शाहिद कुरैशी के अलावा सतपता व जयनगर कमेटी के लोग बड़ी संख्या में जुलूस में शामिल रहे। इसी तरह ग्राम पंचायत दतिमा, करवां व अन्य ग्रामों में भी मोहर्रम को सौहार्द पूर्ण तरीके से मनाया गया।

## मुस्लिम समुदाय ने हसर-हुसैन की शहादत में निकाला मातमी जुलूस

**करवां।** मुस्लिम समुदाय द्वारा पड़की पारा में हसन-हुसैन की शहादत की याद में ताजिया के साथ मातमी जुलूस निकाला गया। इस मौके पर मुस्लिम पुरुषों के साथ-साथ महिलाओं और बच्चों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जगह-जगह चौक-चौराहों पर जुलूस का स्वागत किया गया और अकीदतमंदी के साथ फातिहा पढ़ी गई। ताजियों को श्रद्धा और सम्मान के साथ विभिन्न स्थानों पर ले जाया गया, जहाँ समुदाय के लोगों ने उन्हें देखने और दुआ करने के लिए बड़ी संख्या में भाग लिया। इस मौके पर स्थानीय हिन्दू समुदाय के लोगों ने भी मुस्लिम समुदाय के साथ सहयोग किया और जगह-जगह लंगर, पेयजल की व्यवस्था की।

### पानी निकासी की व्यवस्था अपर्याप्त

# अवैध अतिक्रमण एवं बेतरतीब निर्माण शहर में जल भराव का मुख्य कारण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

भारी बारिश के बाद रविवार को शहर विभिन्न क्षेत्रों में हुए जल भराव के पीछे पानी निकासी के प्राकृतिक मार्गों को अवरूद्ध करने एवं एवं जगह-जगह बेतरतीब निर्माण जसी वजह सामने आई है। शहर में लम्बे समय से योजनाबद्ध पानी निकासी व्यवस्था की कमी भी जल भराव का बड़ा कारण माना जा रहा है। संभाग मुख्यालय बनने के बाद शहर की आबादी तेजी से बढ़ रही है तथा नए-नए क्षेत्रों में कॉलोनियां विकसित हो रही है।

**खास बात**

- पानी निकासी मार्ग पर बन गई कॉलोनियां, पुल-पुलियों को कर दिया बंद

शहर के दूरस्थ एवं सुविधाविहीन इलाके तो लगातार आवासीय कॉलोनियां विकसित हो ही रही हैं भू-माफिया अब आसपास के गांवों में भी धड़ल्ले से प्लॉट काट कर बेच रहे हैं। जरूरतमंद लोग भी भविष्य की चुनौतियों की चिंता किए बिना जहां-तहां प्लॉट खरीदकर बेतरतीब निर्माण कर रहे हैं। कॉलोनियों के लिए शासन ने कड़े नियम बनाए हैं लेकिन दबंगों पर इन नियमों का कोई प्रभाव नहीं पड़ता। मोटी कमाई के लिए दबंग ऐसे स्थानों की जमीनें सस्ते में खरीद रहे हैं जो निचले इलाकों में शुमार हैं तथा पानी निकासी का प्राकृतिक मार्ग है। दबंग पानी निकासी के मार्गों, पुल-पुलियों को अवरूद्ध कर मिट्टी भर दे रहे हैं तथा प्लॉट काटकर जरूरतमंद लोगों को बेच रहे हैं। लोग भी सड़क, बिजली, पानी एवं जल निकासी की चिंता किए बगैर बेतरतीब ढंग से आवासों का निर्माण कर रहे हैं। ऐसी कॉलोनियों में कुछ घर ऊंचाई पर हैं जबकि कुछ गहराई में जिसके कारण पानी निकासी नहीं हो पा रही है तथा भारी बारिश के दौरान भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रविवार को शहर से सटे ग्राम पंचायत सरगवां स्थित वृंदावन कॉलोनी स्थित बांक नदी का प्रवास बाधित होने के कारण तेज बहाव में नवनिर्मित एक मकान के सामने की मिट्टी कटकर बह गई तथा भवन के दो पिलर हवा में झूल गए।

घटना से भयभीत परिवार के सदस्यों ने खतरे को देखते हुए मका को खाली कर दिया है तथा खानाबदोश का जीवन जी रहे हैं। मिट्टी कटाव होने से मकान में दरारे आ गई हैं तथा गिरने का खतरा बढ़ गया है। मकान की सुरक्षा के लिए तत्काल बोल्डर-गिट्टी की फिलिंग कराने एवं नदी के प्रवाह को सुचारू करने की जरूरत बताई जा रही है जो भवन स्वामी की क्षमता से बाहर है।



भारी बारिश के बाद सरगवां स्थित वृंदावन कॉलोनी में मिट्टी कटाव होने से क्षतिग्रस्त मकान।

### नदी में भी निर्माण

बताया जा रहा है कि बांक नदी के किनारे की भूमि खरीदने के बाद भू-स्वामी ने पानी निकासी मार्ग पर नदी किनारे रिटेनिंगवाल का निर्माण करा भूमि को समतल कराया तथा प्लाटिंग कर अधिकांश भूमि को बेच दी। तीन साल पूर्व रिटेनिंग वाल टूट कर नदी में गिर गई। नदी का प्रवाह कम होने पर कोई समस्या नहीं होती लेकिन मूसलाधार बारिश होने के बाद क्षतिग्रस्त रिटेनिंग वाल नदी का प्रवाह रोक देता है जिससे मिट्टी का कटाव होता है। इसी नदी में शहर की नालियों का अधिकांश पानी निकलता है। कुछ लोगों ने नदी किनारे की भूमि को पाटकर पक्के मकान बना लिए हैं। इन मकानों में जाने-आने रास्ता भी खतरनाक है। इस तरह के अवैध निर्माण भी नदी के प्रवाह को बाधित कर रहे हैं। ऐसे कॉलोनियों में मूलभूत सुविधाएं विकसित करने के लिए पहले कॉलोनी का नियमितकरण जरूरी है लेकिन नियमितिकरण का शुल्क भुगतान करने कोई पक्ष सामने नहीं आ रहा है।

### पानी निकासी बड़ी समस्या

ननि के जनप्रतिनिधि शहर के ड्रेनेज सिस्टम को दुरूस्त करने एवं अलग-अलग क्षेत्रों में पानी निकासी के लिए बड़ी पालियां बनवाने की योजना लम्बे समय से बना रहे हैं लेकिन यह योजना फाईलों से बाहर नहीं निकल पा रही है। शासन से मिले अधोसंरचना विकास की राशि से पार्षदों की सहमित से वार्डवार विकास कार्य होते हैं। ननि के जनप्रतिनिधयों ने इस बड़ी समस्या के निराकरण के लिए कभी कारगर पहल नहीं की। वार्डों में भी मूलभूत सुविधाएं जरूरी हैं लेकिन ड्रेनेज सिस्टम को दुरूस्त करना शहर की बड़ी जरूरत बन गई है।

### ड्रेनेज सिस्टम के लिए होगी पहल

पानी निकासी के लिए ननि द्वारा कुछ स्थानों पर बड़ी नाली का निर्माण कराया जा रहा है। ड्रेनेज के लिए 3-4 बड़े नालों का निर्माझा आवश्यक है। इसकी स्वीकृति के लिए शासन से पहल की जाएगी।

-डीएन कश्यप
आयुक्त, नगर निगम

# खदान से पाट्‌र्स की चोरी तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल बिश्रामपुर के कुमदा सहक्षेत्र के बलरामपुर 10-12 नंबर खदान से गत 13 अप्रैल को खदान परिसर में रखे स्क्रैप मैटेरियल अर्थात कबाड़ सहित मशीनी पाट्‌र्स चोरी कर छोटे मालवाहक वाहन में डालकर कबाड़ चोर भागने की फिराक में थे,इस दौरान कबाड़ चोर कंपनी के सुरक्षा दस्ते की संयुक्त ग़श्ती दल को देखकर मालवाहक वाहन को मौके पर ही छोड़ भाग खड़े हुए थे, इसके बाद सुरक्षा अमले ने खदान के लौह सामग्री कबाड़ लोड मिनी मालवाहक वाहन क्रमांक यूपी 64 बीटी 2763 को जप्त कर बिश्रामपुर पुलिस को सौंप दिया गया था।

पुलिस ने जांच पड़ताल के दौरान शिवनंदनपुर रविवार बाजार निवासी वाहन स्वामी कबाड़ चोर गुलाम अहमद उर्फ गुड्डा कबाड़ी को हिरासत में लेकर पूछताछ किया जिसने बताया कि अजय देवांगन एवं अन्य साथियों ने खदान से चोरी की घटना को अंजाम दिया है।मामले में गत 28 मई को शिवनन्दनपुर इतवारी बाजार निवासी गुलाम अहमद उर्फ गुड्डा कबाड़ी को पुलिस ने गिरफ्तार कर सूरजपुर न्यायालय पेश किया।इधर पुलिस ने गुड्डा कबाड़ी के मेमोरेंडम कथन के आधार पर वारदात में शामिल आरोपी अजय देवांगन को हिरासत में लेकर पूछताछ किया तो उसने घटना में शामिल सहयोगियों के नाम पुलिस को बताए, जिसके आधार पर पुलिस ने घटना में शामिल अजय देवांगन पिता रजिंदर देवांगन 19 वर्ष निवासी शिवनंदनपुर, दिशांत दास पिता मोहन दास 19 वर्ष निवासी तालाब पारा शिवनंदनपुर, विमल राजवाड़े उर्फ नानबाऊ पिता शिवनारायण राजवाड़े 20 वर्ष तालाबपारा शिवनंदनपुर,सहित एक अन्य अपचारी बालक को आज सोमवार को गिरफ्तार कर सूरजपुर न्यायालय पेश किया है।



## स्क्रीनिंग किए गए लोगों को सिकल सेल जेनेटिक कार्ड किया जाएगा प्रदाय

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

जिले के समस्त विकास खंडों में राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन कार्यक्रम आयोजन किया जा रहा है। प्रधानमंत्री द्वारा 1 जुलाई 2023 को सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन प्रारंभ किया गया है जिसके अंतर्गत 2023 से 2026 तक 0-40 वर्ष आयु वर्ग के सभी व्यक्तियों की सिकल सेल स्क्रीनिंग कर पोर्टल में एंट्री की जा रही है।

- राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन कार्यक्रम का किया जा रहा है आयोजन

सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन का उद्देश्य है कि स्क्रीनिंग किए गए सभी व्यक्तियों को सिकल सेल जेनेटिक कार्ड प्रदान किया जाएगा। जिले में वर्ष 2023-2026 में 5 लाख 56 हजार 628 व्यक्तियों का सिकल सेल स्क्रीनिंग किया जाना है, जिसके विरूद्ध 7 लाख 35 हजार 239 स्क्रीनिंग कर 583 सिकल सेल रोगी की पहचान की गई, इनमें से 248 मरीजों का सिकल सेल विकलांगता प्रमाण पत्र जिले द्वारा प्रदाय किया जा चुका है।

सीएमएचओं डॉ. केडी पैकरा ने बताया कि इस कार्यक्रम में सिकल सेल के बारे में समुदाय में जागरूकता फैलाना, रोगियों को निःषुल्क चिकित्सकीय परामर्श देना, संभावित रोगियों की सिकल सेल स्क्रीनिंग, स्क्रीनिंग उपरांत सिकल सेल धनात्मक मरीजों को जनेटिक कार्ड प्रदान करना, सिकल सेल से पीड़ति व्यक्तियों के प्रति समाज में फैले भेद-भाव को कम करना, साथ ही समुदाय आधारित जन सहभागिता गतिविधियां आयोजित किया जा रहा है। समस्त विकासखण्ड के खण्ड चिकित्सा अधिकारियों को सूचित किया गया है कि अपने अधीनस्थ सिकल सेल धनात्मक मरीजों का विकलांगता प्रमाण पत्र बनवाने हेतु संपर्क स्थापित करें।

## सर्पदंश बाद तुरंत पहुंचे अस्पताल, झाड़-फूंक या देरी हो सकती है जानलेवा : डॉ. प्रियंका शर्मा

**सूरजपुर।** ग्राम कौशलपुर निवासी इंद्रपाल को सफाई करते समय एक ज़हरीले सांप ने उन्हें काट लिया। इधर इंद्रपाल को सांप के काट लेने पर परिजन बिना देरी किए रामानुजनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। स्वास्थ्य केंद्र पहुंचते ही चिकित्सकों ने बिना देरी किए इलाज शुरू कर तत्काल एंटी-वेनम इंजेक्शन लगाया गया और मेडिकल ऑब्ज़र्वेशन में रखा गया। समय पर उपचार होने से इंद्रपाल सुरक्षित और पूरी तरह ठीक हैं। रामानुजनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉ. प्रियंका शर्मा ने बताया कि रामानुजनगर अस्पताल को इस तरह तैयार किया है कि किसी भी आपात स्थिति में बिना किसी देरी के इलाज शुरू हो सके। यदि कभी भी किसी को सांप काटता है, तो वह तुरंत अस्पताल पहुंचे। झाड़-फूंक या देरी जानलेवा हो सकती है। जिला प्रशासन ने सर्पदंश की घटना होने पर झाड़-फूंक से मरीज को ठीक कराने के चक्कर में न रहें बल्कि मरीज को उपचार के लिए तत्काल निकटतम अस्पताल लाने का प्रयास करें। सांप के काटने पर झाड़-फूंक से नहीं बल्कि एंटी-वेनम इंजेक्शन से ही मरीज की जान बचाई जा सकती है। जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं दूरस्थ क्षेत्रों के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में एंटी-वेनम इंजेक्शन उपलब्ध है।

- रामानुजनगर अस्पताल की व्यवस्था बनी जीवन रक्षक

# मेहता प्वाईंट झरने की खाई में गिरी पर्यटकों से भरी अनियंत्रित स्कार्पियो

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मैनपाट स्थित पर्यटन स्थल मेहता प्वाईंट पर रविवार को उस समय अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई जब पर्यटकों से भरी एक तेज रफ्तार स्कार्पियो अनियंत्रित होकर 30 फीट गहरी खाई में गिर गई। दुर्घटना में स्कार्पियो पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है।

- 9 सवार हुए घायल

मैनपाट के पर्यटन स्थलों का भ्रमण करने रविवार को कांसाबेल के 9 पर्यटक स्कार्पियो क्रमांक सीजी 15 डीक्यू 7951 से पहुंचे थे। अन्य पर्यटन स्थलों का भ्रमण करने के बाद 4 बजे मेहता प्वाईंट का झरना देखने पहुंचे थे। सुरक्षा की दृष्टि से प्रशासन ने पर्यटन स्थल मेहता प्वाईंट पर वाहन ले जाने पर रोक लगाई है लेकिन पर्यटक तेज रफ्तार से झरना की ओर आ रहे थे इस दौरान चालक को पास में गहरी खाई होने का अनुमान नहीं लग सका तथा पर्यटकों से भरी स्कार्पियो मेहता प्वाईंट झरने की 30 फीट गहरी खाई में गिर गई। दुर्घटना में वाहन में सवार सभी पर्यटकों को गंभीर चोटें आई हैं वहीं स्कार्पियो पूरी तरह से क्षितग्रस्त हो गई है। वाहन गिरने का शोर सुनकर घटना स्थल पर पहुंचे ग्रामीणों ने खाई में उतर कर स्कार्पियो सवार 9 लोगों को बाहर निकाला एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भेजा गया।

इसके 6 दिन पूर्व मेहता प्वाईंट झरने की खाई में एक तेज रफ्तार कार गिर गई थी जिसमें सवार 4 लोगों को गंभीर चोटें आई थी। मेहता प्वाईंट झरने के पास जिस तरह से दुर्घटनाएं हो रही हैं सुरक्षा के कड़े इंतजाम करने की जरूरत महसूस की जा रही है।



## शहर विकास का नया प्लान तैयार करने की मांग

**अम्बिकापुर।** वरिष्ठ भाजपा पार्षद आलोक दुबे ने सरगुजा प्रवास पर पहुंचे उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव को ज्ञापन सौंप अम्बिकापुर का विकास योजना 2021 को निरस्त कर शीघ्र नवीन मास्टर प्लान तैयार कर लागू करने की मांग की है। पार्षद श्री दुबे ने बताया कि अम्बिकापुर की प्रथम विकास योजना 6 मई 2006 को लागू किया गया था। योजना में अनेकानेक विसंगतियां होने के कारण इसकी शुरुआत में ही नगरवासी एवं जनप्रतिनिधि बदलाव करने की मांग करने लगे। विकास योजना में शहर के फुंदुरडिहारी स्थित तुर्रापानी में 63 हेक्टेयर भूमि को मेला क्षेत्र हेतु आरक्षित किया गया है। वहीं विशुनपुर में मंडी प्रस्तावित है जबकि दोनों इलाके घनी बसाहट वाले है। शहर में शहर में बिना किसी योजना के एमआर रोड प्रस्तावित किया गया है जिसका कोई अस्तित्व नहीं है। प्रस्तावित मार्ग के निर्माण से सैकड़ों भवन प्रभावित होंगे। मास्टर प्लान में जरूरत के अनुसार उपयुक्त बाईपास रोड का प्रावधान नहीं है जबकि राष्ट्रीय राजमार्ग द्वारा शहर के तीन छोरों पर बाईपास निर्माण प्रस्तावित है। मास्टर प्लान में भू उपयोग, मार्ग, उचित फर्मी, क्षेत्रानुपात का भी प्रावधान नहीं है तथा शहर के चोरका कछार एवं फुंदुरडिहारी का कुछ हिस्सा निवेश क्षेत्र में शामिल नहीं किया गया है जबकि दोनों इलाके ननि में शामिल है। मास्टर प्लान में जल निकासी का प्रावधान नहीं होने कारण भारी वर्षा के दौरान शहर का बड़ा इलाका जलमग्न हो गया है। अमृत योजना के तहत जीपीएस आधारित मास्टर प्लान 2042 का सर्वे व अन्य कार्ययोजना लगभग तैयार कर लिया गया है तथा शहर के व्यवस्थित विकास हेतु इस योजना को तत्काल लागू किया जाना आवश्यक है।






## भंडारा लगाने के लिए बोल बम समिति रवाना

**राजपुर।** सरगुजा कोरिया बोल बम सेवा समिति 21 वां वर्ष का भंडारा सुल्तानगंज से देवघर पैदल मार्ग पर लगाने के लिए समिति के सदस्य आज राजपुर से रवाना हुए। बाबा धाम देव नगरी के पैदल कावड़ मार्ग पर पूरे सावन भंडारा चलता है और कांवड़ियों की सेवा करते है। समिति के संस्थापक सदस्य व अध्यक्ष सुभाष शर्मा के नेतृत्व में दिनेश गोयल, बाबूलाल अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, राजेंद्र बंसल, रामस्वरूप गुप्ता, प्रमोद ठाकुर, शंकर अग्रवाल, रामू शर्मा, पवन अग्रवाल, नाथूलाल अग्रवाल, अर्जुन अग्रवाल महाकाल नन्हे गुप्ता सहित अन्य सदस्य यहां से रवाना होकर वहां सेवा करते है।

# कलेक्टर के अमर्यादित व्यवहार से आक्रोशित कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

सूरजपुर कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने कबीरदास कलेक्टर के अमर्यादित व्यवहार के विरोध में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, मंत्री राजस्व टंक राम वर्मा, मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ शासन को ज्ञापन सौंप कार्रवाई की मांग की।

गौरतलब है कि कबीरधाम कलेक्टर गोपाल वर्मा ने बीते दिनों कार्यालय खुलने के समय सरकारी कार्यालय और संस्थाओं का औचक निरीक्षण किया था। इसी क्रम में वह सुबह 10 बजे जिला पंचायत कार्यालय पहुंचे थे। यहां कार्यालय के मेन गेट पर कलेक्टर हाजिरी रजिस्टर लेकर बैठ गए थे। देर से आने वाले कर्मचारियों को गेट पर ही रोक दिया। उन्होंने कर्मचारियों को कान पकड़कर उठक-बैठक लगवाया और माफी मंगवाई थी। जिसका वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर जमकर वायरल हुआ था। कलेक्टर ने देर से कार्यालय पहुंचने वाले 42 कर्मचारियों को नोटिस भी जारी किया था। जिला संयोजक डॉ. आरएस सिंह ने बताया कि कलेक्टर का व्यवहार अनुचित व अशोभनीय है। फेडरेशन इसकी कड़ी निंदा करता है,साथ ही शासन से मांग करते हैं कि ऐसे बेलगाम अधिकारियों को सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। कार्रवाई नहीं होने पर फेडरेशन उग्र आंदोलन करने हेतु बाध्य होगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला संयोजक डॉ. आरएस सिंह, महासचिव एवं जिला अध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश लिपिक वर्ग शासकीय कर्मचारी इकबाल अंसारी, प्रदेश महामंत्री धीरेन्द्र उपाध्याय, जिला अध्यक्ष छग प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ मनीष दीपक साहू, राधेश्याम साहू, संदीप गुप्ता, अनुरंजन सिंहदेव, प्रदीप सिंह, महेश पैकरा, सीडा अध्यक्ष डॉ. राजेश पैकरा, डॉ. दीपक मरकाम, ज्योति साधना श्रीवास्तव, आशीष पाण्डेय, शैलेंद्र सिंह, सुनील कुमार उइके, विकास कुशवाहा, महेंद्र शांडिल्य, कुलदीप पैकरा एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कैबिनेट मंत्री नितिन नवीन का किया गया स्वागत

**रामानुजगंज।** छत्तीसगढ़ भाजपा प्रदेश प्रभारी एवं बिहार सरकार के कैबिनेट मंत्री नितिन नवीन मैनपाट में आयोजित भाजपा के चिंतन शिविर में शामिल होने के लिए सड़क मार्ग से झारखंड होते मध्य रात्रि रामानुजगंज पहुंचे। छत्तीसगढ़ सीमा में प्रवेश करते ही भाजपा जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश जायसवाल और नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल के मार्गदर्शन में अंतर्राज्यीय बैरियर पर पूर्व पार्षद मुकेश जायसवाल एवं विकास अग्रवाल के नेतृत्व में भव्य आतिशबाजी एवं फूल माला के साथ भव्य स्वागत किया गया।

गौरतलब है की छत्तीसगढ़ भाजपा द्वारा सांसदों विधायकों के लिए तीन दिवसीय चिंतन शिविर का आयोजन छत्तीसगढ़ के शिमला कहे जाने वाले मैनपाट में किया गया है जिसमें भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह समेत प्रदेश के समस्त सांसद विधायकों के सम्मिलित होने का अनुमान है। नितिन नवीन चिंतन शिविर में शामिल होने के लिए सड़क मार्ग से पटना बिहार से झारखंड होते रामानुजगंज पहुंचे थे जहां रात्रि विश्राम के बाद अल सुबह मैनपाट के लिए निकल गए। मध्य रात्रि में भव्य आतिशबाजी के साथ स्वागत से अभिभूत छत्तीसगढ़ पहुंचे भाजपा प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन ने छत्तीसगढ़ की विष्णु देव सरकार की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में जन भावनाओं के अनुरूप समाज के सभी वर्गों के लिए विकास कार्य हो रहे हैं। हम लोगों ने जो वादा किए थे वादा के अनुरूप कार्यों को मूर्त रूप दिया जा रहा है। इस दौरान पार्षद सुरेश पुरी, सुमित गुप्ता, अर्जुन दास, सिद्धांत यादव, अश्वनी गुप्ता, अनूप कश्यप, अंकित गुप्ता, मंजय गुप्ता, उमेश पुरी, करण कश्यप, मनजीत कश्यप, पंकज गुप्ता, योगेश केसरी, जयप्रकाश केसरी, संतोष पासवान, साकेत कश्यप, संतोष ठाकुर, धनंजय गुप्ता, संतोष दास, ललन पासवान, ओम गुप्ता, अनिल पुरी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे। वही प्रातः पूर्व जिला अध्यक्ष आरके पटेल, कन्हैया लाल अग्रवाल, सुभाष केसरी, सुभाष जायसवाल, वरिष्ठ अधिवक्ता विमलेश सिन्हा, अरुण केसरी, सीताराम गुप्ता, विजय रावत सहित अन्य लोग भी पहुंचे। प्रदेश एवं जिले से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक चर्चा के साथ सौजन्य मुलाकात किए।




## भक्ति व जन आस्था के केंद्र देवगढ़ धाम में होंगे विविध आयोजन

**बिश्रामपुर।**श्रावण मास के अवसर पर प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी भोलेनाथ की भक्ति और जन आस्था का विराट संगम देवगढ़ धाम में देखने को मिलेगी। महाशिवरात्रि के एक दिन पहले 22 जुलाई को सूरजपुर छठ घाट से हजारों श्रद्धालु भक्त जमदाग्नि ऋषि की तपोभूमि और उत्तर वाहिनी पुण्य सलिला रेणुका नदी के तट पर स्थित अर्द्धनारेश्वर शिवलिंग का जलाभिषेक करने पदयात्रा पर निकालेंगे। श्रद्धालु मानते हैं कि अर्द्धनारेश्वर शिवलिंग का जलाभिषेक कर उन्हें जीवन में शांति, शक्ति और शिवकृपा का वरदान प्राप्त होता है। ज्ञात हो कि देवगढ़ धाम न सिर्फ धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह स्थल पुरातात्विक व ऐतिहासिक दृष्टि से भी विशिष्ट है। रेणुका नदी के तट पर स्थित यह स्थल वह भूमि है, जहां ऋषि जमदाग्नि ने तपस्या की और जहां श्रद्धालु आज भी शिव-शक्ति स्वरूप अर्द्धनारेश्वर की आराधना कर जीवन का कल्याण मांगते हैं।



# दिलीप कुमार को याद कर धर्मेंद्र हुए इमोशनल

**मुंबई।** बॉलीवुड के हीमैन धर्मेंद्र ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक इमोशनल पोस्ट लिखा है, जो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। दरअसल धर्मेंद्र ने आज के दिन को मनहूस बताते हुए कहा कि आज ही दिन उनका सबसे प्यारा दोस्त उनसे बिछड़ गया था। धर्मेंद्र का यह पोस्ट देखकर हर कोई हैरान रह गया है। धर्मेंद्र ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक तस्वीर पोस्ट की है, जिसमें वह दिग्गज एक्टर दिलीप कुमार के साथ नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर में धर्मेंद्र और दिलीप कुमार एक-दूसरे का हाथ थामे नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर को शेयर करते हुए उन्होंने लिखा, 'आज का दिन कितना गमनाक और मनहूस दिन है।

लाइफ Style

# वाणी
## मंडला मर्डर्स से कर रहीं डिजिटल डेब्यू

नेटफ्लिक्स और वायआरएफ एंटरटेनमेंट की बहुप्रतीक्षित और विधा सीमाएं लांघने वाली सीरीज मंडला मर्डर्स 25 जुलाई को रिलीज हो रही है। यह सीरीज न केवल एक रहस्यमयी, पौराणिक-क्राइम थ्रिलर है, बल्कि अभिनेत्री वाणी कपूर के लिए ओटीटी पर पहला कदम भी है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

वाणी कपूर, जो अब तक बड़े पर्दे पर अपनी क्षमता दिखा चुकी हैं, इस बार एक कठिन और चुनौतीपूर्ण भूमिका निभाने को लेकर उत्साहित हैं। इस किरदार को लेकर उन्होंने कहा, मैं कुछ बेहद खास और चुनौतीपूर्ण तलाश रही थी ताकि मेरा ओटीटी पर डेब्यू यादगार हो और मंडला मर्डर्स जैसा प्लेटफॉर्म मिलना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। मैं ऐसी कहानी का हिस्सा बन रही हूं, जो शारीरिक और मानसिक रूप से मुझसे एक नया अवतार मांगेगी। यह एक ऐसी शैली है, जिसमें मैंने पहले कदम नहीं रखा था। उन्होंने कहा कि यह निडर निर्णय मुझे गहराई, संघर्ष और संवेदनशीलता की नई परतों से रूबरू करा रहा है और यही तत्व उत्कृष्ट कहानी कहने के लिए अहम हैं।

सीरीज के रचयिता और निर्देशक गोपी पुथरन, जिन्हें 'मर्दानी' फ्रेंचाइजी का श्रेय जाता है, उन्होंने दर्शकों को एक जटिल कयास-कथा में ले जाने का वादा किया है, जहां हर सुराग एक प्राचीन भविष्यवाणी की गहराई खोलता है। इसके साथ वैभव राज गुप्ता, सुरवीन चावला और श्रिया पिलगांवकर जैसी प्रमुख कलाकारों का अभिनय इस कथानक को और वजन देता है। वाणी ने स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म्स में महिलाओं के लिए बेहतर अवसरों पर ज़ोर देते हुए कहा, मुझे स्ट्रीमिंग से प्यार है।



टॉलीवुड मसाला



# कानूनी पचड़े में फंसे महेश

**हैदराबाद।** साउथ के मशहूर अभिनेता महेश बाबू एक कानूनी विवाद में उलझ गए हैं। हैदराबाद की एक महिला डॉक्टर ने उनके खिलाफ रियल एस्टेट घोटाले को लेकर शिकायत दर्ज कराई है। डॉक्टर का आरोप है कि उन्होंने एक प्लॉट खरीदने के लिए करीब 34.8 लाख रुपये दिए, लेकिन जिस जमीन की बात की गई थी, वह असल में मौजूद ही नहीं थी। इस शिकायत के आधार पर, तेलंगाना के रंगा रेड्डी जिले की उपभोक्ता अदालत ने अभिनेता महेश बाबू को कानूनी नोटिस भेजा है।



# ऋषभ को बर्थडे पर मिला तोहफा...

**मुंबई।** ऋषभ शेट्टी की 'कांतारा चैप्टर 1' का पोस्टर रिलीज हो गया है। मेकर्स ने इस पोस्टर को ऋषभ शेट्टी के जन्मदिन के खास मौके पर ही आउट किया है। वहीं मूवी की रिलीज डेट भी सामने आ गई है। साउथ सुपरस्टार ऋषभ शेट्टी की मूवी 'कांतारा' ने साल 2022 में खूब सुर्खियां बटोरी थी। वहीं ये मूवी उस साल की सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी। वहीं आज यानी 7 जुलाई को इसके प्रीक्वल का पोस्टर जारी किया गया है। इसका नाम 'कांतारा चैप्टर 1' रखा गया है। मेकर्स ने इस मूवी के पोस्टर को ऋषभ शेट्टी के बर्थडे पर ही रिलीज किया है। आज एक्टर अपना 41वां जन्मदिन मना रहे हैं। इसी खास मौके पर उन्होंने फैंस को भी सरप्राइज गिफ्ट दे दिया है। वहीं मेकर्स ने इसकी रिलीज डेट भी रिवील कर दी है। ये मूवी इसी साल 2 अक्टूबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।



# सन ऑफ सरदार-2 का नया गाना रिलीज

**मुंबई।** अभिनेत्री मृणाल ठाकुर और अजय देवगन की अपकमिंग मूवी 'सन ऑफ सरदार 2' का नया गाना रिलीज हो चुका है। सोशल मीडिया पर फैंस मृणाल ठाकुर और अजय देवगन की जोड़ी पर काफी प्यार लुटा रहे हैं। हाल ही में मेकर्स ने मूवी का नया गाना 'पहला तू दूजा तू' रिलीज किया है। इस बार अजय देवगन के साथ मृणाल ठाकुर की केमिस्ट्री देखने को मिल रही है। फैंस कपल की इस केमिस्ट्री को काफी पसंद भी कर रहे हैं। वहीं इसकी अनाउंसमेंट अजय देवगन और मृणाल ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर शेयर की है। 'सन ऑफ सरदार 2' के इस गाने को टी-सीरीज ने अपने ऑफिशियल यूट्यूब पर रिलीज किया है। वहीं अजय और मृणाल ने इसकी जानकारी अपने फैंस को इंस्टाग्राम पर दी।




# आज होगा 'सैयारा' का ट्रेलर लांच...

**मुंबई।** सैयारा इन दिनों देशभर में युवाओं के बीच सबसे चर्चित रोमांटिक फिल्मों में से एक बन चुकी है। फिल्म का म्यूज़िक एल्बम पहले ही साल का सर्वश्रेष्ठ एल्बम साबित हो चुका है, जिसमें फहीम-अर्सलान का टाइटल ट्रैक सैयारा, जुबिन नौटियाल का बर्बाद, विशाल मिश्रा का तुम हो तो, सचेत-परंपरा का हमसफ़र और अरिजीत सिंह और मिथुन का धुन जैसे गाने भारतीय संगीत चार्ट्स पर धूम मचा चुके हैं। अब यशराज फिल्म्स की फिल्म सैयारा का बहुप्रतीक्षित ट्रेलर 8 जुलाई को सुबह 11 बजे रिलीज करने जा रहा है। इसे देश के युवाओं के लिए एक "अपॉइंटमेंट व्यूइंग" इवेंट के रूप में पेश किया जा रहा है। अब तक फिल्म को एक गहन प्रेम कहानी के लिए सर्वसम्मति से सराहना मिल रही है।

टीवी मसाला



# दीपिका सर्जरी के बाद फिर बिजनेस में उतरीं

**मुंबई।** टीवी की मशहूर एक्ट्रेस दीपिका कक्कड़ सर्जरी के बाद फिर से बिजनेस में उतर गई हैं। एक्ट्रेस के पति शोएब इब्राहिम ने लेटेस्ट व्लॉग में एक्ट्रेस की हेल्थ अपडेट भी शेयर की है। दीपिका की हाल ही में कैंसर की सर्जरी हुई है। हालांकि अभी एक्ट्रेस अस्पताल से घर पर भी आ गई हैं और उनकी हेल्थ में भी सुधार देखा जा रहा है। उनके पति और एक्टर शोएब इब्राहिम ने हाल ही में एक्ट्रेस की हेल्थ का अपडेट शेयर किया है। साथ ही ये भी बताया कि दीपिका ने फिर से अपनी क्लॉथिंग ब्रांड का करियर शुरू कर दिया है। शोएब ने अपने यूट्यूब चैनल पर एक लेटेस्ट व्लॉग जारी किया है। इसमें वो अपने बेटे रूहान के साथ शॉपिंग करते नजर आ रहे हैं। साथ ही एक्टर ने अपनी पत्नी दीपिका की हेल्थ के बारे में भी बात की है। व्लॉग में उन्होंने बताया कि दीपिका की जो सर्जरी हुई थी अब उनके टांके हट गए हैं। साथ ही अगले वीक उनका नया इलाज भी शुरू हो जाएगा। दीपिका के पति शोएब ने व्लॉग में आगे बताया कि दीपिका जब सर्जरी के बाद वापस घर आई थीं तो उन्होंने अपने क्लॉथिंग ब्रांड का काम फिर से शुरू कर दिया। अब दीपिका अपनी ब्रांड डीकेआई पर एक बार फिर से काम कर रही हैं। बता दें इस व्लॉग में सर्जरी के बाद पहली बार दीपिका अपने बेटे रूहान और पति शोएब के साथ बाहर घूमने गईं और बाहर का खाना भी खाया।

## 'इत्ती सी खुशी' में मुख्य भूमिका में आएंगी नजर

**मुंबई।** नया पारिवारिक ड्रामा 'इत्ती सी खुशी' में अभिनेत्री सुम्बुल तौकीर मुख्य किरदार में नजर आएंगी। सुम्बुल अपने प्रभावशाली स्क्रीन प्रेज़ेंस और भावनात्मक गहराई के लिए जानी जाती हैं, और अब वह अन्विता



दिवेकर का किरदार निभाने जा रही हैं। मुंबई की चहल-पहल भरी पृष्ठभूमि में रची गई यह कहानी 21 वर्षीय अन्विता की है, जो छह भाई-बहनों में सबसे बड़ी है और अपने बिखरते परिवार की अनचाही लेकिन मज़बूत आधारशिला बन जाती है। एक ओर उसका पिता शराब की लत से जूझ रहा है, तो दूसरी ओर मां उन्हें पहले ही छोड़ चुकी है। ऐसे में अन्विता अपने सपनों और पढ़ाई की कुर्बानी देकर अपने भाई-बहनों के लिए बेहतर भविष्य गढ़ने में लग जाती है। यह शो रोजमर्रा के संघर्ष, अनकहे बलिदानों और बिना शोर के जीतने वाले प्रेम और साहस की कहानी को बेहद सच्चाई और कोमलता से दर्शाता है। अन्विता के किरदार के बारे में बात करते हुए सुम्बुल तौकीर खान ने कहा, मैं 'इत्ती सी खुशी का हिस्सा बनकर बेहद उत्साहित हूं और अन्विता की कहानी को जीवन देने का मौका पाकर खुद को सौभाग्यशाली मानती हूं। अन्विता दिवेकर कोई सामान्य टेलीविजन किरदार नहीं है।

# स्पोर्ट्स ड्रामा '5th सितंबर' का ट्रेलर आउट, 18 जुलाई को होगी रिलीज

**मुंबई।** केएसएम फिल्म प्रोडक्शंस ने अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म '5th सितंबर' का भावनात्मक ट्रेलर रिलीज कर दिया है। यह एक दिल छू लेने वाली स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म है, जो न केवल खेल की भावना बल्कि जीवन बदलने वाले मेंटर्स की अहमियत को भी दर्शाती है। कुनाल शमशेर मल्ला की ओर से निर्देशित और निर्मित यह फिल्म 18 जुलाई को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। ट्रेलर की शुरुआत एक भावुक क्लासरूम सीन से होती है, जिसमें अधूरे सपनों, पछतावों और एक गुरु और शिष्य के बीच के अनकहे रिश्ते को खूबसूरती से दर्शाया गया है। जल्द ही कहानी एक ऐसे मोड़ पर पहुंचती है जहां एक सच्चा मार्गदर्शक, एक टूट चुके इंसान को फिर से जीने की राह दिखाता है। फिल्म के निर्देशक कुनाल शमशेर मल्ला कहते हैं, मैंने खेल को सिर्फ एक पृष्ठभूमि के रूप में चुना है। असल में यह फिल्म भावना, क्षति और एक मेंटर के माध्यम से दोबारा विश्वास पाने की कहानी है। '5th सितंबर' मेरी ओर से हर उस गुरु को समर्पित है जिसने कभी किसी छात्र को हिम्मत दी है।।फिल्म एक ऐसे पूर्व खिलाड़ी की कहानी है जो अपने अतीत से जूझ रहा है और एक नई पीढ़ी के साथ जीवन का उद्देश्य फिर से खोजता है। दमदार अभिनय, गहरे संवाद और सजीव दृश्यों के साथ यह फिल्म आत्मनिरीक्षण, प्रेरणा और उम्मीद का संदेश देती है।



# 'मेट्रो इन दिनों' की बॉक्स ऑफिस पर हालत पस्त
## 20 करोड़ कमाना हुआ मुश्किल

**मुंबई।** अनुराग बासु की नई फिल्म, 'मेट्रो... इन दिनों' 4 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म ने अपना पहला वीकेंड पूरा कर लिया है। फिर भी फिल्म का कलेक्शन 20 करोड़ के पार नहीं जा पाया है। मेट्रो इन दिनों को दर्शकों और पहले दिन अच्छा रिस्पॉन्स मिला था। इसके बाद उम्मीद लगाई गई थी कि फिल्म वर्ड ऑफ माउथ से फायदा मिलेगा। लेकिन अभी ऐसा होता नजर नहीं आ रहा है। इस फिल्म में आदित्य रॉय कपूर, सारा अली खान, पंकज त्रिपाठी, कोंकणा सेन शर्मा, फातिमा सना शेख, अली फजल, अनुपम खेर और नीना गुप्ता जैसे कलाकार शामिल हैं। रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म ने तीसरे दिन 5.46 करोड़ रुपए की कमाई की है। वहीं, फिल्म ने दूसरे दिन 6 करोड़ रुपए और पहले



दिन 3.5 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया है। इससे फिल्म का कुल कलेक्शन 14.96 करोड़ रुपये हो गया। यदि फिल्म का कलेक्शन इसी तरह जारी रहा, तो 'मेट्रो... इन दिनों' का लाइफ टाइम बिजनेस 50 करोड़ रुपये भी पहुंचना मुश्किल होगा। 'मेट्रो... इन दिनों' का लेखन और निर्देशन अनुराग बासु ने किया है। यह एक म्यूजिकल रोमांटिक ड्रामा है। यह फिल्म 2007 में आई 'लाइफ इन ए... मेट्रो' का सीक्वल है। फिल्म में चार अलग-अलग उम्र के जोड़ों की कहानियाँ हैं, जो मुंबई, दिल्ली, कोलकाता और बेंगलुरु जैसे शहरों में एक-दूसरे से जुड़ी हुई हैं।

## चलचित्र देखकर कुछ डर के मारे कुर्सियों से उठकर भाग खड़े हुए थे
# 7 जुलाई को पहली बार चलती-फिरती तस्वीरें स्क्रीन पर दी थीं दिखाई

*मुंबई। मुंबई के वॉटसन होटल में 7 जुलाई 1896 को ही पहली बार चलती-फिरती तस्वीरें स्क्रीन पर सामने दिखाई दी थीं। उस समय किसी ने सोचा भी नहीं होगा कि यही दिन भारतीय सिनेमा के सुनहरे सफर की शुरुआत बनेगा। पहली बार लुमियर ब्रदर्स की 'द अराइवल ऑफ ए ट्रेन' जैसी फिल्म ने दर्शकों को सिनेमा के जादू से रूबरू कराया। आज, 129 साल बाद, उसी दिन को याद करते हुए भारतीय सिनेमा की नींव और उसके शुरुआती दिनों की कहानी फिर से जिंदा हो उठी है।*

## लुमियर ब्रदर्स की फिल्म 'द अराइवल ऑफ ए ट्रेन' से दर्शकों को सिनेमा के जादू से रूबरू कराया था

### कैसे और कहां शुरू हुई पहली फिल्म

7 जुलाई, 1896 को टाइम्स ऑफ इंडिया में छपे एक विज्ञापन ने मुंबईवासियों को 'दुनिया के सबसे बड़े चमत्कार' को देखने का न्यौता दिया था। उस दौरान वॉटसन होटल में हुए इस इवेंट में एक रुपए का टिकट हुआ करता था। इसी पैसे के साथ दर्शकों ने सदी के सबसे अनोखे आविष्कार, चलती हुई स्क्रीन को पहली बार देखा। लुमियर ब्रदर्स की ओर से प्रदर्शित की गई यह 'द अराइवल ऑफ ए ट्रेन' नामक फिल्म में सिर्फ एक ट्रेन स्टेशन पर आती दिखाई गई थी। लेकिन दर्शकों को यह सीन इतना असली लगा कि कुछ डर के मारे कुर्सियों से उठकर भाग खड़े हुए, जबकि कुछ औरतें बेहोश तक हो गईं थीं।



### लुमियर ब्रदर्स ने कैसी फिल्मों को स्क्रीन पर दिखाना शुरू किया

फ्रांस के लुई और अगस्ते लुमियर ने साल 1895 में पेरिस में पहली बार सिनेमा दिखाया था। पेरिस और लंदन में सक्सेस के बाद वह भारत आए और बॉम्बे आकर, 14 जुलाई से नोवेल्टी थिएटर में इन फिल्मों का दोबारा प्रदर्शन हुआ और यह सिलसिला एक महीने तक चलता रहा। बता दें कि शुरुआती फिल्मों में कोई कहानी नहीं हुआ करती थी, बल्कि सिंपल इंसीडेंसेस हुआ करते थे, जैसे दीवार गिराना, ट्रेन का आना, या किसी फैक्ट्री से कामगारों का बाहर निकलना ही स्क्रीन पर दिखाया जाता था। उस दौर में ये छोटे-छोटे सीन्स ही दर्शकों को काफी उत्साहित करते थे।

### लुमियर ब्रदर्स से प्रेरित होकर भारत में मगांया गया कैमरा

लुमियर ब्रदर्स ने तो दर्शकों के बीच चलती स्क्रीन का प्रचलन ला ही दिया था। इनसे प्रेरित होकर महाराष्ट्र के हरीशचंद्र सखाराम भटवाडेकर जिनको सावे दादा भी बोला जाता था। इन्होंने भारत में पहला कैमरा मंगाया और कुश्ती के सीन को शूट कर भारत की पहली डॉक्यूमेंट्री बनाई। आगे चलकर उन्होंने न्यूजरील के साथ-साथ बाकी की सामाजिक घटनाओं को भी रिकॉर्ड किया।

### 'राजा हरिश्चंद्र' बनी पहली फीचर फिल्म

जेएफ मदन और अब्दुल अली यूसुफ अली जैसे बिजनेसमैन ने फिल्म को बिजनेस के तौर पर बनाने का काम शुरू कर दिया। छोटे शहरों और गांवों में टेंट सिनेमा का चलन शुरू हुआ, जिससे सिनेमा देश भर में काफी फेमस हो गया। हालांकि कुछ इतिहासकार साल 1912 में रिलीज आई 'पंडालक' को पहली फिल्म मानते हैं, मगर दादा साहेब फाल्के की 'राजा हरिश्चंद्र' जो 3 मई, 1913 को भारत में आई थी, इसे भारत की पहली मूक फीचर फिल्म का दर्जा दिया गया है।

## खबर संक्षेप

### युवाओं को मिलेगा प्रशिक्षण के बाद स्थायी रोजगार

**मनेन्द्रगढ़।** भारतीय सुरक्षा दक्षता परिषद नई दिल्ली के तत्वाधान में एक कंपनी द्वारा सुरक्षा सेवाओं में रोजगार उपलब्ध कराने के लिए जिले के विभिन्न थाना व चौकी परिसरों में पंजीयन शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित होंगे जिसमें युवाओं का पंजीयन कर प्रशिक्षणोपरांत एसआईएस ग्रुप में नियोजन किया जाएगा। शिविर की शुरूआत 12 जुलाई को थाना परिसर चिरमिरी से होगी, इसके बाद 13 जुलाई को थाना परिसर झगराखांड में, 15 जुलाई को थाना परिसर जनकपुर में, 16 जुलाई को चौकी परिसर कुंवरपुर में, 17 जुलाई को चौकी परिसर खोंगापानी में, 19 जुलाई को चौकी परिसर कोड़ा, 20 जुलाई को थाना परिसर खड़गवां में, 21 जुलाई को थाना परिसर कोटाडोल में, 22 जुलाई को थाना परिसर केल्हारी में, 23 जुलाई को थाना परिसर पोड़ी में तथा 25 जुलाई को थाना परिसर मनेन्द्रगढ़ में शिविर का आयोजन किया जाएगा। एमसीबी जिले के पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों को शिविर आयोजन में आवश्यक सहयोग प्रदान करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार का लाभ मिल सके।

### सांसद चिंतामणि महाराज ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

**कुसमी।** सांसद चिंतामणि महाराज कुसमी आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित बैंक में पहुंचे। सांसद ने किसानों से रूबरू होकर उनकी समस्याएं सुनी। साथ ही विगत दिनों किसानों के खाते में हुई राशि का हेराफेरी से संबंधित सभी बातों को बैंक के प्रबंधक से जानकारी ली। प्रबंधक द्वारा बताया गया कि जिन किसानों के खाते में बैंक से लोन लेना बताया जा रहा है, उन्हें खाद, बीज नहीं दिया जा रहा है। उनका खाता अभी होल्ड है वरिष्ठ अधिकारी के निर्देशानुसार हम लोगों को खाद बीज एवं नगद राशि देने से मना किया गया है। जिस पर सांसद चिंतामणि महाराज द्वारा किसानों की परेशानियों को देखते हुए बैंक के उच्च अधिकारी से बात की। सभी प्रबंधकों को किसानों से अच्छे तरीके से बात करते हुए उन्हें सही प्रकार की सलाह देने का निर्देश दिया।

### स्कूल में दिया गया आत्मरक्षा का प्रशिक्षण

**बिश्रामपुर।** शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल बिश्रामपुर में आज सोमवार को छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही बच्चियों तथा महिलाओं को कन्या भ्रूण हत्या निषेध अधिनियम, बाल विवाह निषेध अधिनियम, पॉक्सो एक्ट-गुड टच-बैड टच, घरेलू हिंसा अधिनियम एवं कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिंग उत्पीडन अधिनियम 2013 की जानकारी दी गई। इसके अलावा समाज में लोगों की लिंग भेद वाली सोच को समाप्त करने तथा लड़की जन्म पर खुशी मनाने के लिए प्रेरित किया गया। बाल विवाह मुक्त सूरजपुर बनाने हेतु शपथ भी दिलाई गई, साथ में ब्रोशर बुक का वितरण कर उन्हे अपनी सुरक्षा व समाज में पीड़ति बच्चियों व महिलाओं की सुरक्षा के लिए पढ़ने हेतु प्रेरित किया गया एवं सखी वन स्टॉप सेन्टर से संबंधित सभी जानकारियां दी गई।

### मंथन कक्ष में जिला स्तरीय बैंकर्स प्रशिक्षण कार्यशाला

# महिलाओं को स्वावलंबी बनाने में बैंकर्स की भूमिका अहम

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर



कार्यशाला को संबोधित करते सीईओ

जिला पंचायत कोरिया के मंथन कक्ष में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के तत्वावधान में एक दिवसीय बैंकर्स प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य महिला स्वसहायता समूहों को वित्तीय रूप से सशक्त बनाने के लिए बैंकर्स की भूमिका को स्पष्ट करना और बैंक लिंकेज की प्रक्रिया को सरल बनाना था।

कार्यशाला में जिले के सभी प्रमुख बैंकों के शाखा प्रबंधकों के साथ-साथ बिहान से जुड़े कैडर और महिला स्वसहायता समूहों की सदस्यों ने भाग लिया। इस अवसर पर नेशनल रिसोर्स पर्सन गगन भुइया ने बैंकर्स को बिहान मिशन की विस्तृत कार्यप्रणाली, समूह बैंक लिंकेज, लखपति दीदी योजना के अंतर्गत ऋण प्रक्रिया और वित्तीय साक्षरता प्रशिक्षण जैसे विषयों पर विशेष जानकारी दी। कार्यक्रम में राज्य कार्यालय से राजेश गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी ने कहा कि महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना प्रशासन की प्राथमिकता है और इसमें बैंकर्स की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के मार्गदर्शन में जिले में लगातार महिलाओं के लिए स्वरोजगार के अवसर बढ़ाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। सीईओ डॉ. चतुर्वेदी ने बैंकर्स से आग्रह किया कि वे महिला समूहों द्वारा प्रस्तुत ऋण प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करें और स्वीकृत राशि का त्वरित भुगतान सुनिश्चित करें, ताकि महिलाएं समय पर अपने उद्यम शुरू कर सकें। उन्होंने बिहान टीम और बैंकर्स के बीच बेहतर समन्वय की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यशाला के अंत में प्रतिभागियों को प्रकरण निर्माण, स्वीकृति प्रक्रिया और ऋण वितरण के विभिन्न चरणों की व्यावहारिक जानकारी दी गई।


बाजार में बिक्री के लिए पतेरी खुखड़ी

# शहर में एक हजार रुपए किलो बिक रहा पतेरी

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

बरसात के मौसम में जंगली मशरूम जिसे स्थानीय बोली में खुखड़ी के नाम से जाना जाता है। बरसात शुरू होने के कुछ दिन बाद पुटू खुखड़ी की आवक बाजार में हुई, इसके बाद अब लंबी डंडी वाली खुखड़ी जिसे स्थानीय लोगों के द्वारा पतेरी खुखड़ी के नाम से जानते हैं। मंगलवार को शहर के बाजार में बिकने के लिए आया तो शुरूआत में इसकी कीमत एक हजार रूपए किलो के दर से विक्रय की जाती रही।

यह खुखड़ी भारी बरसात के बाद आना शुरू होता है। पतेरी खुखड़ी का स्वाद लेने के लिए लोग कीमत नहीं देख रहे हैं, वहीं यह खुखड़ी केवल बरसात के सीजन में सीमित दिन के लिए ही बाजार में उपलब्ध होती है। यही कारण है कि हर कोई इसका स्वाद लेना चाहता है, लेकिन शुरूआत में बाजार में पहुंचा पतेरी की कीमत आसमान पर चढ़े होने के कारण आम आदमी की पहुंच से काफी दूर है। अब पतेरी खुखड़ी की शुरूआत हो गई है तो आने वाले कुछ ही दिनों में इसकी आवक बढ़ेगी, तब दाम में भी गिरावट आ जाएगी। हालांकि अभी जंगली पुटू की भरपूर आवक शहर के बाजार में हो रही है। सुबह होने के साथ ही जिले के ग्रामीण क्षेत्रों से भारी मात्रा में जंगली पुटू की आवक हो रही है। हालांकि पुटू के दाम गिरे हैं, लेकिन 100 रूपए पाव बिक रही है, वहीं किलो में साढ़े तीन तो कभी तीन सौ रूपए किलो के दर से विक्रय किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार मंगलवार को शहर के बाजार में एमसीबी जिले के वनांचल देवसिल से पतेरी खुखड़ी को विक्रय के लिए, शहर के बाजार में लाया गया।

**बेहतरीन स्वाद ने बनाया खास-**

बरसात के सीजन में पुटू के बार पतेरी खुखड़ी की आवक की शुरूआत हो गई है। यह खुखड़ी अपनी बेहतरीन स्वाद के लिए जाना जाता है और यह खुखड़ी सभी जगह नहीं मिलता, यही कारण है कि शुरूआत में पतेरी की कीमत आसमान छू रही है, लेकिन इसके खाने के शौकिन कीमत नहीं देख रहे हैं, महंगे दाम होने के बावजूद खरीदी करने जुटे हैं। वहीं आम आदमी के पहुंच से दूर होने के कारण कई लोग चाह कर भी महंगे दाम में शुरूआत में खरीदी नहीं कर रहे हैं। कुछ लोगों ने पतेरी खुखड़ी के ऊंचे दाम सुनकर कहे कि इससे अच्छा तो बकरा ही खा लेंगे।

**बिचौलियों के कारण दाम में बढ़ोत्तरी-**

पतेरी खुखड़ी अपनी बेहतरी स्वाद के लिए जाना जाता है और इसकी मांग सीजन में जमकर रहती है। यही कारण है कि कई बिचौलिए सक्रिय हो जाते हैं। बिचौलिए ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर पहले ही ग्रामीणों को एडवांस में रकम दे देते हैं और ग्रामीणों के घर से लेकर शहर के बाजार तक लाते हैं और ऊंचे दामों पर विक्रय करते हैं, वहीं आवक बढ़ जाने पर दाम में गिरावट होती है, लेकिन ज्यादा गिरावट नहीं होती, क्योंकि पतेरी खुखड़ी कुछ दिनों तक ही निकलती है, इसके बाद नहीं मिलता।

# 15 दिन बारिश से बांकी बांध में भरा 60 फीसदी पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर


लबालब बांकी जलाशय।

पिछले एक पखवाड़े से हो रही लगातार बारिश एवं शनिवार को हुई भारी बारिश से भले ही जनजीवन प्रभावित रहा लेकिन बारिश सिंचाई बांधों के लिए काफी अनुकूल साबित हुई है।

एक पखवाड़े में ही श्याम घुनघुट्टा बांध लबालब हो गया तथा बांध के पांच गेट खोलकर पानी बहाने की नौबत आ गई। पिछले 8-10 सालों से भीषण जल संकट से जूझ रहे बांकी जलाशय में 15 दिन में ही 60 फीसदी पानी भर गया है। तकिया फिल्टर प्लांट के माध्यम से लंबे अर्से से बांकी जलाशय के पानी का उपयोग पेयजल आपूर्ति के लिए किया जा रहा है। पिछले 8-10 सालों से बांध में आवश्यकता के अनुरूप पानी नहीं भर रहा था जिससे गर्मी के मौसम में शहर में पेयजल संकट की स्थिति निर्मित हो जाती थी। दो साल पूर्व गर्मी के दौरान बांध में मात्र 7 फीसदी पानी होने के कारण विपरीत स्थिति निर्मित हो गई थी। लंबे अर्से बाद पिछले साल बांध में 60 फीसदी पानी भरा था। इस बार प्रारंभ से ही अच्छी बारिश होने के कारण बांध में 60 फीसदी पानी भर गया है। जिससे विभाग के अधिकारी काफी उत्साहित है तथा इस बार बांध के लबालब होने की उम्मीद जता रहे है। पूर्व में बांध का पानी नहर के माध्यम से सिंचाई के लिए भी उपलब्ध कराया जाता था लेकिन प्रभाव क्षेत्र के गांवों एवं शहरी क्षेत्र में घनी बसाहट होने के कारण अब सिंचाई के लिए पानी बंद कर दिया गया है तथा पूरे पानी को ननि क्षेत्र जल आपूर्ति के लिए आरक्षित किया गया है। सिंचाई के लिए बनी नहर अब कचरादान बन गई है। बारिश से जिले के कुंवरपुर सिंचाई बांध एवं बरनई बांध का जल स्तर भी बढ़ा है। बरनई बांध में क्षमता का 45 फीसदी एवं कुंवरपुर बांध में 43 फीसदी पानी भर गया है। इस संबंध में कार्यपालन यंत्री एपी निरंजन ने बताया कि बांकी बांध में इस बार अच्छा जलभराव हुआ है तथा इस बार बांध के लबालब होने की उम्मीद है।

# शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मनेन्द्रगढ़ शिक्षा विभाग में जिला शिक्षा अधिकारी अजय मिश्रा के मार्गदर्शन में शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन हर्षोउल्लास एवं गरिमामयी वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर पूर्व माध्यमिक विद्यालय एवं प्राथमिक विद्यालय के नवप्रवेशी बच्चों का तिलक, मिष्ठान्न, पुष्पवर्षा एवं उपहारों के साथ आत्मीय स्वागत किया गया। जिले के शिक्षा विदों ने इस कार्यक्रम में विद्यालय परिवार को प्रेरणादायी उपस्थिति प्रदान की। आयोजन में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य सत्येन्द्र सिंह, शासकीय कन्या आजाक के प्राचार्य यूबी मिश्रा, एबीओ सुदर्शन पैकरा, बीआरसी सुंदर कैवर्त, बी. क्लब की डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट श्रीमती अनीता फरमानिया, वी क्लब की जिला सचिव प्रेरणा जायसवाल, वी क्लब की अध्यक्ष श्रीमती बबीता अग्रवाल, सहायक खंड शिक्षा अधिकारी वीरेन्द्र पाण्डेय, सीएसी श्रीमती अल्का सहित वी क्लब के अन्य सक्रिय सदस्यगण मौजूद रहे। वी क्लब की ओर से समाजसेवी श्रीमती अनीता फरमानिया ने बच्चों को स्कूल बैग एवं कॉपियां वितरित किया। वी. क्लब की ओर से पेंसिल, रबर एवं कंपास प्रदान किए गए। नवप्रवेशी बच्चों के लिए न्यौता भोज (सामूहिक भोजन) की भी व्यवस्था की गई, जिससे बच्चों में अपार उत्साह देखा गया। कार्यक्रम का कुशल संचालन श्रीमती कल्पना सैमुएल ने किया। विद्यालय के शिक्षकों एवं कर्मचारियों श्रीमती रीता सेन, दमयंती सिंह, सिमरन कौर, संध्या मिश्रा, रविन्द्र सिंह, रोहित सिंह, सौरभ ताम्रकार, सुनील कश्यप और अंशु शर्मा ने मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष सहयोग प्रदान किया।




# शिवनन्दनपुर इतवारी बाजार में जलभराव और गड्ढों से स्थानीय व्यापारी व राहगीर परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर


साप्ताहिक बाजार परिसर में कीचड़ व गड्ढे।

नगर पंचायत शिवनंदनपुर का प्रमुख रविवारीय हाट-बाजार इन दिनों मूलभूत सुविधाओं के अभाव के कारण परेशानी का केंद्र बना हुआ है। हर रविवार को दूर-दराज से आने वाले ग्रामीणों और स्थानीय व्यापारियों के लिए यह बाजार आजीविका का प्रमुख साधन है, लेकिन वर्तमान में यहां की जर्जर स्थिति लोगों की रोजी-रोटी और सुरक्षा दोनों पर संकट बन गई है। गौरतलब है कि सोमवार को रविवारीय बाजार के दुकानदारों ने नपं शिवनंदनपुर सीएमओ को ज्ञापन सौंप उल्लेख किया है कि बाजार क्षेत्र में बारिश का पानी जमा हो जाता है, जिससे न सिर्फ कीचड़ फैलता है, बल्कि दुकान लगाने की जगह ही नहीं बचती। ग्रामीण क्षेत्रों से सब्जी, फल और अन्य वस्तुएं बेचने आने वाले छोटे दुकानदारों को जगह की कमी और फिसलन की वजह से भारी परेशानी होती है। कीचड़ में दुकानें लगाने के चलते कई बार उनका सामान खराब भी हो जाता है, जिससे आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

रविवारीय बाजार में मौजूद मांसाहारी दुकानों के पास स्थित मार्ग की हालत अत्यंत दयनीय है। यह मार्ग जहां पैदल चलने वालों, दोपहिया वाहनों और छोटे व्यापारियों के लिए मुख्य रास्ता है, वहीं यह बड़े-बड़े गड्ढों और दलदली मिट्टी के कारण दुर्घटना स्थल बन चुका है।स्थानीय लोगों ने बताया कि हर रविवार को कोई न कोई बाइक सवार इस मार्ग पर गिर जाता है। कई बार महिलाएं और स्कूली बच्चे भी चोटिल हो चुके हैं। बाजार में साइकिल और मोटरसाइकिल से आने-जाने वाले विद्यार्थियों के अभिभावकों में भय बना रहता है कि कहीं उनके बच्चों को भी चोट न लग जाए। लोगों का कहना है कि यह समस्या कोई नई नहीं है। पूर्व में भी पंचायत को कई बार लिखित आवेदन दिए गए, लेकिन हर बार केवल खानापूर्ति की गई। रास्ते पर थोड़ी-बहुत मिट्टी डाल दी गई।

### पंचायत व ग्रामीण विकास की योजनाओं की हुई मासिक समीक्षा बैठक

**सूरजपुर।** कलेक्टर एस जयवर्धन एवं जिपं सीईओ श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू की अध्यक्षता में आज जिला पंचायत सभाकक्ष में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, महिला एवं बाल विकास, जल जीवन मिशन सहित अन्य योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री जयवर्धन ने प्रधानमंत्री आवास योजना की विस्तार से समीक्षा करते हुए अधिकारियों को शत-प्रतिशत हितग्राही पंजीयन एवं निर्माण कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने आवास मित्रों को पूरी सक्रियता से कार्य करने की बात कही और निर्माण में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी। जनपदवार समीक्षा के दौरान जहां अपेक्षित प्रगति नहीं हुई।




## पृष्ठ 1 का शेष

### गुमनामी में छठवीं ...

इससे क्षेत्र में रोजगार, आर्थिक गतिविधियों और संस्कृति संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। कोरिया जिले के सोनहत विकासखंड के घने जंगलों के बीच छिपी छठवी शताब्दी के भगवान गौतम बुद्ध सहित अन्य देवी देवताओं की मूर्तियां आज गुमनामी के अंधेरे में रहने को विवश हैं,जो वर्षो से अपने ही जिले में पहचान की बांट जोह रहे हैं। प्रशासनिक उपेक्षा के कारण ही जोगीमठ की पहचान अब तक जिले के लोगों तक पूरी तरह से नहीं हो पाई है, केवल क्षेत्र के लोगों को ही इस स्थल के प्राचीन मूर्तियों के बारे में जानकारी है। इस स्थल को पर्यटन स्थल के रूप में विकसीत करने की जरूरत है ताकि कोरिया जिले के ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व के इस स्थल की पहचान देश प्रदेश में हो सके। मिली जानकारी के अनुसार कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर से सोनहत मार्ग के बीच में जंगलों के बीच छठवीं शताब्दी के समय की भगवान गौतम बुद्ध की मूर्ति सहित अन्य देवी देवताओं की मूर्तियां है। यह स्थल जोगीमठ के रूप में जाना जाना है, लेकिन दुर्भाग्य की बात यह कि जोगीमठ की पहचान क्षेत्रीय स्तर पर ही है आज भी जिले के ज्यादातर लोग जोगीमठ को नहीं जानते। इस प्राचीन ऐतिहासिक धरोहर को पहचान दिलाने एवं सहेजने की दिशा में अब तक कोई काम नहीं किया गया है। यदि जोगीमठ में मिले प्राचीन बौद्ध प्रतिमा सहित अन्य देवी-देवताओं वाले स्थल को विकसित किया जाए एवं इस स्थल का प्रचार-प्रचार किया जाए तो निश्चित रूप से कोरिया जिले के प्रमुख धार्मिक पर्यटन स्थल पर्यटन के नक्शे पर अपनी पहचान कायम कर सकेगा, इसके लिए पर्यटन विकास की बात ही नहीं करनी है, बल्कि इसके लिए जिला प्रशासन को ठोस पहल करने की जरूरत है। जोगीमठ धार्मिक व पर्यटन महत्व के स्थल तक प्रदेश के पूर्व वित्तमंत्री भी पहुंच कर मूर्तियों का अवलोकन कर चुके हैं, लेकिन इसके बाद भी जोगीमठ स्थल का हमेशा से उपेक्षा की जाती रही है। यह दुर्भाग्य की बात है कि उच्च स्तरीय नेता के अवलोकन के बाद भी जोगीमठ को पर्यटन स्थल के रूप में पहचान दिलाने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा सका है। उक्त स्थल के धरोहर का संरक्षण न केवल सांस्कृतिक जिम्मेदारी है बल्कि यह पर्यटन और स्थानीय विकास विकास को गति देने वाला हो सकता है। स्थानीय निवासियों एवं इतिहास प्रेमियों का मानना है कि जोगीमठ की प्राचीन मूर्तियां कोरिया के समृद्ध अतीत का महत्वपूर्ण जीवंत प्रमाण है जो प्राचीन कलाकृतियों और उस कालखंड की धार्मिक और कलात्मक परंपराओं को दर्शाती है,पर्यटन विकास को लेकर इस स्थल की अब तक लगातार उपेक्षा के कारण बहुमूल्य विरासत उपेक्षित पड़ी है। हालांकि स्थानीय श्रद्धालुओं के द्वारा जोगीमठ स्थल पहुंच कर विभिन्न अवसरों पर पूजा-अर्चना करते हैं। यहां नवरात्र के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है, बाकि समय एक पंडा कुछ घंटों के लिए मौजूद रहते हैं, जिनके द्वारा प्रतिदिन पूजा-अर्चना की जाती है।

### एसपी केन्द्रीय विद्यालय ...

अपराध भी है। इस दौरान नायक डॉ.महेश मिश्रा ने छात्रों को यातायात संकेतों, ट्रैफिक सिग्नल, हेलमेट और सीट बेल्ट की अनिवार्यता, तीन सवारी प्रतिबंध, तेज गति, मादक पदार्थ सेवन और मोबाइल फोन के उपयोग जैसे विषयों पर जानकारी दी। उन्होंने मोटर व्हीकल एक्ट की विभिन्न धाराओं और जुर्माना राशि की भी जानकारी साझा की। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्राचार्य अवनी प्रकाश श्रीवास्तव, यातायात प्रभारी उप निरीक्षक बीरबल राजवाड़े, सहायक उप निरीक्षक जग नारायण साहू, आरक्षक गुलशन महानदियां, शिक्षक रविन्द्र यादव, दिव्या कुमारी, स्कूल स्टाफ सहित काफी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी छात्रों ने यातायात नियमों का पालन करने की शपथ ली।




